लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1608

उत्तर देने की तारीख : 07.12.2021

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए रोजगार केंद्र पोर्टल**

**1608. श्री विजयकुमार ऊर्फ विजय वसंत:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले कुछ वर्षों में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो देश में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का बुजुर्गों के लिए एक 'सीनियर एबल सिटीजंस फॉर री-एम्प्लॉयमेंट इन डिग्निटी (एसएसीआरईडी)' नामक पृथक रोजगार केंद्र शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी विशेषताएं क्या हैं; और

(ङ.) नए वरिष्ठ नागरिकों हेतु उक्त रोजगार केंद्र कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(सुश्री प्रतिमा भौमिक)**

(क) और (ख): पिछले कुछ वर्षों से देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में वृद्धि हुई है। पिछली तीन जनगणनाओं के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(मिलियन में)

| वर्ष | 1991 | 2001 | 2011 |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या | 57 | 77 | 103 |

जनगणना 2011 के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

**(ग) से (ङ.):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने 'योग्य वरिष्ठ नागरिकों के लिए गरिमामयी पुन:र्नियोजन (एसएसीआरईडी)' नामक एक पोर्टल 01 अक्टूबर 2021 से आरंभ किया है जो रोजगार की तालाश में लगे वरिष्ठ नागरिकों और रोजगारप्रदाताओं दोनों के लिए एक आईटी प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। कोई भी वरिष्ठ नागरिक अपनी संगत शिक्षा, अनुभव, कौशल और अभिरूचि के क्षेत्र के साथ इस पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत करा सकेगा। कोई भी रोजगारप्रदाता इस पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत करा सकता है। इच्छुक और पात्र वरिष्ठ नागरिक http://sacred.dosje.gov.in/ पोर्टल पर अपनी पात्रता संबंधी मानदण्डों का मिलान करके नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 07.12.2021 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1608 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**जनगणना 2011 के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों (60+) की राज्य-वार जनसंख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वरिष्ठ नागरिकों की कुल जनसंख्या (अनुमानित) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 8278241 |
| 2. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 25424 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 63639 |
| 4. | असम | 2078544 |
| 5. | बिहार | 7707145 |
| 6. | चंडीगढ़ | 67078 |
| 7. | छत्तीसगढ | 2003909 |
| 8. | दादर और नगर हवेली | 13892 |
| 9. | दमन और दीव | 11361 |
| 10. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 1147445 |
| 11. | गोवा | 163495 |
| 12. | गुजरात | 4786559 |
| 13. | हरियाणा | 2193755 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 703009 |
| 15. | जम्मू और कश्मीर | 922656 |
| 16. | झारखंड | 2356678 |
| 17. | कर्नाटक | 5791032 |
| 18. | केरल | 4193393 |
| 19. | लक्षद्वीप | 5270 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 5713316 |
| 21. | महाराष्ट्र | 11106935 |
| 22. | मणिपुर | 187694 |
| 23. | मेघालय | 138902 |
| 24. | मिजोरम | 68628 |
| 25. | नागालैंड | 102726 |
| 26. | ओडिशा | 3984448 |
| 27. | पुदुचेरी | 120436 |
| 28. | पंजाब | 2865817 |
| 29. | राजस्थान | 5112138 |
| 30. | सिक्किम | 40752 |
| 31. | तमिल नाडु | 7509758 |
| 32. | त्रिपुरा | 289544 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 15439904 |
| 34. | उत्तराखंड | 900809 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 7742382 |
| | कुल | **103836714** |

******